महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*
जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 ईमेल-bsmirgae@gmail.com

ज्ञान शांति मैत्री

## डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के 55वें महापरिनिर्वाण दिवस पर
# आज हिंदी विवि में संगोष्ठी का आयोजन

वर्धा दि. 7 दिसंबर 2011: डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के 55 वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में दि. 8 दिसंबर (गुरूवार) को दोपहर 3.00 बजे 'डॉ. बाबासाहब आंबेडकर और भारतीय संविधान: वर्तमान में प्रासंगिकता' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। विवि के हबीब तनवीर सभागार में आयोजित इस संगोष्ठी की अध्यक्षता कुलपति विभूति नारायण राय करेंगे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में मीडियाविद प्रो. रामशरण जोशी, साहित्य विद्यापीठ के प्रो. के. के. सिंह तथा डॉ. आंबेडकर अध्ययन केंद्र के कार्यकारी निदेशक डॉ. एम. एल. कासारे उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में शोधार्थी, विद्यार्थी तथा कर्मियों को उपस्थित रहने की अपील डॉ. एम. एल. कासारे ने की है।

बी एस मिरगे
जनसंपर्क अधिकारी